आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 31.10.2020

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के आवासीय परिसर के शॉपिंग कम्पलेक्स में रेल सुरक्षा बल एवं ऊ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के द्वारा एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने हेतु मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। मार्च पास्ट के दौरान महाप्रबंधक आरेडिका श्री विनय मोहन श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्याक्रम में उपस्थित लोगों को महाप्रबंधक द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गयी।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विविधताओं का देश है जिसमें अनेक धर्म, संस्कृति, परंपरा, और भाषाओं के लोग निवास करते हैं इसलिए राष्ट्र की एकता को बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है । उन्होंने आगे कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश को एकीकृत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वर्तमान भारत उनके कुशल नेतृत्व क्षमता का परिचायक है। एकता ही किसी भी देश के विकास का, देश के सौंदर्य का और देश के उद्दार का मूल मंत्र है।

भारतीय इतिहास में सरदार पटेल जी के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आरेडिका सांस्कृतिक संगठन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत एवं एकल गान प्रस्तुत किए गये। साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल पर आधारित बैनर, पोस्टर, विडियो क्लिप को डिजिटल माध्यम के द्वारा प्रदर्शित किया गया ताकि देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय एकता, अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने का संदेश पहुंचाया जा सके जिससे वे आगे चलकर देश में राष्ट्रीय एकता का महत्व समझ सकें।

Rajiv 31/10/2020

(राकेश रंजन)
कृते मुख्य जन–संपर्क अधिकारी